आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 31.03.2024 समय : 07.10पीएम

मुख्य समाचार :-

- लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार में आई तेजी, इनडी गठबंधन की दिल्ली में महारेली, मेरठ में बीजेपी कि जनसभा।
- प्रदेश में भी चुनाव प्रचार जारी, मुख्यमंत्री ने उमरिया, मंडला डिडोरी में किया प्रचार, कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भोपाल में किया प्रचार।
- पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को मिला भारत रत्न, राष्ट्रपति ने निवास पर किया सम्मानित।
- प्रदेश में तेज गर्मी का कुछ जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी , कुछ हिस्सो में हल्की बारिश के आसार।

**प्रधानमंत्री मेरठ - रैली**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के मेरठ से पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। श्री मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव केवल सरकार बनाने के लिए नहीं है बल्कि यह भारत को विकसित राष्ट्र तथा दुनिया की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है। उन्होंने कहा कि जब भारत दुनिया में 11वीं सबसे बडी अर्थव्यस्था था तब गरीबी की दर बढ रही थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत पाचवीं सबसे बडी अर्थव्यवस्था बना तो 25 करोड से अधिक लोगों को सफलतापूर्वक गरीबी से बाहर निकाल लिया गया। उन्होंने कहा कि जब भारत तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनेगा तो गरीबी का उन्मूलन हो जाएगा और मध्यम वर्ग देश की प्रगति को गति देगा।

**विपक्ष की रैली-बीजेपी**

विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए ने आज दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली आयोजित की। यह रैली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी सहित विभिन्न मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन के लिए की गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्षी दलों को धमकाने के लिए संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस चुनाव में किसी प्रकार की बराबरी नहीं है। श्री खड़गे ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए है और विपक्ष को एकजुट होकर लड़ना चाहिए।
महारैली में, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, आम आदमी पार्टी नेता भगवंत मान, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन सहित कई विपक्षी नेता शामिल हुए।

**प्रचार लोकसभा**

लोकसभा चुनावों के पहले चरण के लिए प्रदेश में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसको देखते हुए कांग्रेस और भाजपा सहित अन्य दलों के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। आज

मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मोहन यादव उमरिया, डिंडोरी, मंडला एवं सिवनी में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। डॉ. यादव ने डॉ. यादव ने उमरिया में चुनावी सभा को संम्बोधित किया। डिंडोरी के गाड़ासरई, में आयोजित रैली एवं जनसभा में सहभागिता की उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के उन वर्गों का भी कल्याण हो रहा है, जिन्हें कभी कमजोर और वंचित समझकर बदहाली के लिए छोड़ दिया गया था। मुख्यमंत्री मंडला के मवई में भी रैली और जनसभा में शामिल हुए। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का भी आज सांवेर, इंदौर एवं सुसनेर का दौरा कार्यक्रम था। भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कांग्रेस के 1 वोट 1 नोट अभियान की शुरूआत कि। उधर राजगढ़ संसदीय क्षैत्र से कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने वादा निभाओं पदयात्रा की शुरूआत करते हुए आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी माता मंदिर पहुंचे।

**जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईये अब सुनते हैं गाडरवारा जिला नरसिंगपुर से प्रेम कुमार कौरी का संगीतमय अपील। -

**राष्ट्रपति - भारत रत्न**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पूर्व उपप्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान **भारत रत्न** से अलंकृत किया। वयोवृद्ध नेता श्री आडवाणी के आवास पर जाकर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और श्री आडवाणी के परिवार के सदस्य इस अवसर पर मौजूद थे।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि एक सांसद के रूप में संवाद में श्री आडवाणी के विश्वास ने संसदीय परम्पराओं को समृद्ध किया। देश के गृहमत्री और उप - प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखा जिसने उन्हें दलगत राजनीति से उपर उठकर उन्हें पूरे देश का सम्मान दिलाया।

**लोकसभा जागरुकता**

राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज मतदाता जागरूकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने 7 मई को भोपाल लोकसभा सीट के लिए होने वाले मतदान में सभी नागरिकों से बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की। उन्होंने प्रदेश के सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि खुद मतदान करें और परिवार, पास पड़ोस के नागरिकों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। प्रदेश में अन्य जिलों में भी मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम लगातार जारी है। गुना जिले के आरोन में मतदान शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैतूल में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आज ओपन ऑडिटोरियम से मतदाता जागरूकता साइकिल रैली को

हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर रायडर्स को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। शिवपुरी जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शासकीय माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया। छिंदवाड़ा जिले के विकासखण्ड चौरई के मतदान केंद्रों पर जागरूकता अभियान चलाया गया ।

**मौसम**

अब एक नजर मौसम पर प्रदेश में नर्मदापुरम, रीवा, सागर, जबलपुर संभागो मे कुछ स्थानों पर पिछले 24 घंटों में वर्षा दर्ज की गई वहीं सतना छतरपुर दमोह आदि जिलों में लू का प्रकोप देखा गया है। सर्वाधिक तापमान 40 दशमलव 7 डिग्री सतना में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कल के लिए नर्मदापुरम सतना मैहर दमोह उमरिया छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों के लिए गर्मी के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में न्यूनतम तापमान में बढोतरी होगी। वहीं छिंदवाड़ा पांढुर्ना सिवनी और बालाघाट में हलकी वर्षा के लिए अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल सहित अन्य जिलों में बादल छाए रहने की संभावना है।

**भोजशाला सर्वे**

प्रदेश के धार जिले में एएसआई टीम के सर्वेक्षण का आज 10वां दिन था। 25 सदस्यीय टीम मजदूरों के साथ सुबह भोजशाला के वाग्देवी मंदिर परिसर पहुंची। एएसआई की टीम आज बाबा कमाल की दरगाह के आसपास भी काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि रंगपंचमी होने के बाद भी कल सर्वे जारी रहा था।

**समाचार संक्षेप:-**

- छिंदवाड़ा समर्थन मूल्य पर गेहूं के उपार्जन के लिए छिंदवाड़ा व पांडुनां जिले में 85 उपार्जन केंद्र बनाए है। पंजीकृत किसान इन उपार्जन केंद्रों में अपनी उपज बेच सकेंगे।
- अशोकनगर के करीला धाम माता जानकी मंदिर में रंगपंचमी पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय वार्षिक मेला में लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ मां जानकी माता के दर्शन कर मन्नतें मांगी।
- कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कटनी ने सम्पूर्ण कटनी जिले में किसी भी व्यक्ति द्वारा नरवाई जलाने अथवा खेत में आग लगाना प्रतिबंधित किया गया है।
- नर्मदापुरम जिले में मास्टर ट्रेनर्स ने मॉनिटरिंग सेल के सदस्यों को आज प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर पेड न्यूज़, फेक न्यूज़ तथा विज्ञापनों की सतत मॉनिटरिंग करने का प्रशिक्षण दिया गया ।
- धार जिले में लोकसभा चुनावो देखते हुए शराब विनिर्माता फैक्ट्री और बॉटलिंग इकाई पर विशेष निगरानी रखने की दृष्टि से कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी ने विशेष सशस्त्र बल तैनात किए हैं।
- प्रदेश के अन्य जिलों की तरह सीहोर जिले में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 कल 01 अप्रैल से प्रारंभ होगा ।

---